तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 20 अप्रैल 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 सामुदायिक भवन के सामने गिरा पेड़, बाल-बाल बचे लोग






## भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज की नामांकन रैली में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# मुद्दाविहीन कांग्रेस कर रही है जनता में भ्रम फैलाने का काम : विष्णु




मंच से लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ रथ पर सवार होकर किया नगर भ्रमण, जनता से मांगा आशीर्वाद

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस मुद्दा विहीन हो गई है इस लिए लोगों में भ्रम फैलाने का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है और दिल्ली में भी सरकार बनने पर आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा लेकिन हम कह रहे है कि आरक्षण खत्म नहीं होगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ⏭ शेष पेज 3 पर

### तीसरी बार नरेंद्र मोदी को पीएम बनाने का चुनाव

सीएम श्री साय ने कहा कि सरगुजा संसदीय क्षेत्र के देवतुल्य कार्यकर्ताओं को नमन करता हूं जिन्होंने विस चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ़ करने के साथ ही भाजपा को 14 सीटों पर जीत दिलाई। ये लोकसभा चुनाव महत्वपूर्ण है क्यों कि यह नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। प्रधानमंत्री जो गरीब के बेटा है और 140 करोड़ भारतवासी को अपना परिवार मानकर उनके सुख दुःख की दिन रात चिंता करता है। 24 में से 18 घंटे काम करते है। दस साल सभी ने पीएम के कार्यकाल को देखा है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए देश के गांव, गरीब, किसान, मजदूर हर वर्ग की चिंताओं को दूर करने का काम किया है। पूरी दुनिया में देश का डंका बजा है और 140 करोड़ भारवासियों का सम्मान विश्व में पीएम ने बढ़ाया है। यह चुनाव 2047 तक देश को विकसित भारत के रूप में खड़ा करने और आने वाला 5 साल देश को तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में खड़ा करने का चुनाव है।

### पीएम को महसूस हो कि सरगुजा कांग्रेस मुक्त : साव

डिप्टी सीएम अरूप साव ने कहा कि मां महामाया की धरती, कार्यकर्ता भाई बहनों को प्रणाम करने आया हूं जिन्होंने विधानसभा चुनाव में सरगुजा संभाग को कांग्रेस मुक्त बनाने का काम किया। ये चुनाव भी उसी नरेंद्र मोदी का चुनाव है जिसकी गारंटी पर आपने भरोसा किया। सेमीफाइनल में हमने बड़ी सफलता हासिल की है और अब फाइनल में भी भाजपा को जीत दिलाना है। 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री सरगुजा आने वाले है और पीएम के सरगुजा आने पर उन्हें महसूस होना चाहिए कि सरगुजा की धरती कांग्रेस मुक्त हो गई है और नरेंद्र मोदी के साथ चलने को तैयार है।

### मोदी की गारंटी के तहत सभी काम पूरे होंगे : नेताम

कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि यह चुनाव साधारण नहीं बल्कि इतिहास बनाने वाला चुनाव है, तीसरी बार मोदी की सरकार बनानी है और हम अबकी बार 400 पार का लक्ष्य लेकर चल रहे है। चिंतामणी महाराज को जीत दिलानी है और चिंतामणी महाराज हमारी चिंता करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं, किसानों, नौजवानों के लिए काम किया है और मोदी की गारंटी के तहत सभी विकास कार्य पूर्ण होंगे।

### पार्टी ने सोच समझकर दिया टिकट

भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज का नामांकन दाखिल कराने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए सीएम श्री साय ने कहा कि आज सरगुजा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज का नामांकन दाखिल किया गया। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं व मतदाताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। कांग्रेस पार्टी से भाजपा में शामिल हुए व्यक्ति को टिकट देने के सवाल पर सीएम ने कहा कि पार्टी ने सोच समझकर उपयुक्त प्रत्याशी को टिकट दिया है और सरगुजा संसदीय समेत सभी 11 सीट पार्टी जीत रही है। हम रोज दो से तीन विधानसभा का भ्रमण कर रहे है। हर सभा में अपार जनसमूह उमड़ रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में कांग्रेस के ऐसे लोग भाजपा प्रवेश कर रहे है जिन्हे वर्षों तक काम करने के बाद उपेक्षा का सामना करना पड़ा। सभी को विश्वास है कि नरेंद्र मोदी की देश को आवश्यकता है।

## आपत्तिजनक संदेश भेजने वाले बीआरपी को नोटिस जारी

**अम्बिकापुर**। कलेक्टर सरगुजा द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए छात्राओं को आपत्तिजनक संदेश भेजने वाले बीआरपी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर द्वारा कड़े शब्दों में संविदा नियुक्ति समाप्त करने के संबंध में उल्लेख करते हुए जवाब पत्र प्राप्ति के पांच दिवस के भीतर प्रस्तुत करने कहा गया है।



## सरगुजा संसदीय सीट के लिए 13 अभ्यर्थियों ने जमा किया नामांकन फार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ आज की जाएगी नाम निर्देशन पत्रों की जांच

लोकसभा चुनाव के लिए नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत सरगुजा संसदीय सीट क्रमांक 1 के लिए कुल 13 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन पत्र जमा किए जाने के बाद अब शनिवार को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी और उसके बाद नाम वापसी की प्रक्रिया 22 अप्रैल की दोपहर 3 बजे तक जारी रहेगी। नाम वापसी के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आबंटन कर दिया जाएगा। बता दें कि लोकसभा चुनाव के लिए तीसरे चरण में होने वाले सरगुजा संसदीय सीट के मतदान हेतु नाम निर्देशन प्रक्रिया जारी है।

नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत नामांकन फार्म दाखिल करने का आज अंतिम दिन था ऐसे में अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज समेत अन्य अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। चुनाव के लिए सरगुजा संसदीय सीट से कुल 14 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म लिया था लेकिन अंतिम दिन तक सिर्फ 13 अभ्यर्थियों ने ही अपना नामांकन फार्म दाखिल किया है। नामांकन फार्म दाखिल करने वालों में भारतीय जनता पार्टी से चिंतामणि महाराज, इंडियन नेशनल कांग्रेस से शशि सिंह कोराम, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से लक्ष्मण सिंह उदय, हमर राज पार्टी से अनुक प्रताप सिंह, बहुजन समाज पार्टी से संजय कुमार और प्रकाश किस्पोट्टा, अखिल भारतीय परिवार पार्टी से श्रीमती कांता मिंज, भारत आदिवासी पार्टी से जेरोम मिंज, निर्दलीय प्रत्याशियों में बलासियुस तिग्गा, अरविंद कच्छप, श्रीमती उर्मिला सिंह, प्रिंस अभिषेक कुजूर और रामाधार सिंह के नाम शामिल है। नामांकन फार्म दाखिल करने का समय समाप्त होने के बाद अब शनिवार की सुबह 11 बजे से जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी और स्क्रूटनी उपरान्त 22 अप्रैल तक नाम वापसी की प्रक्रिया चलेगी। इस दौरान 22 अप्रैल की दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकते है। नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद शाम पांच बजे तक चुनाव चिन्ह का आबंटन किया जाएगा।

## नकदी समेत 3.5 लाख के जेवर चोरी करने वाले अपचारी को पुलिस ने पकड़ा

**कुसमी**। दिनदहाड़े सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी समेत 3 लाख 50 हजार के जेवरात चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने पकड़ा। हैरानी की बात यह चोरी करने वाला कोई और नहीं बल्कि एक अपचारी बालक है। पुलिस ने अपरचारी को हिरासत में लेकर उसके विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक तहसील



पारा निवासी राम अवतार खलखो आ. लाखू राम (36 वर्ष) 24 मार्च को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके घर का दरवाजा तोड़कर कमरे में रखे अलमारी को तोड़कर लगभग 3 लाख 50 हजार कीमत के जेवरात व नकदी चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 454,380 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इस बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की कुम्हार पारा निवासी एक बालक अपने मोबाइल से गहना जेवरात बिक्री करने की कही बात कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल पुलिस बल के साथ कुम्हार पारा निवासी संघर्षरत लड़का को पकड़ कर पूछताछ की गई। जिस पर संघर्षरत बालक द्वारा सुना घर देखकर बाउंड्री फांदकर घर का दरवाजा तोड़कर घर के अंदर अलमारी तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी जेवरात सहित नगदी 70 हजार रुपए चोरी करने की बात कबूल की। साथ ही चोरी की राशि में से एक मोबाइल खरीदने तथा शेष राशि खर्च हो जाने की बात बताई। वहीं जेवरात को एक टिफिन में बंद करके घर के आंगन में मिट्टी के अंदर में रखने की बात कही। पुलिस ने अपचारी के निशानदेही पर जेवरात बरामद कर लिया। पुलिस संघर्षरत बालक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।



## खबर संक्षेप



### 8 महीने से सोलर पंप खराब, पेयजल समस्या से जूझ रहे बच्चे

**लखनपुर**। ग्राम पंचायत बिनकरा स्थित स्कूल पारा शासकीय प्राथमिक शाला के पास का सोलर पंप पिछले 8 महीने से खराब पड़ा है। सोलर पंप को क्रेडा द्वारा 2 वर्ष पहले लगाया गया था जो लगने के कुछ दिनों तक चला इसके बाद सोलर पंप की मोटर खराब हो गई। खराब होने के कारण 8 महीने पहले निकाल दी गयी थी। क्रेडा के कर्मचारी खराब मोटर को मरम्मत कराने के नाम पर ले गए थे लेकिन 8 महीने बीत जाने के बाद भी हैण्डपंप को सुधारने का कोई प्रयास नहीं किया गया जिससे स्कूल के बच्चों सहित आसपास के ग्रामीणों को पेयजल समस्या से जूझना पड़ रहा है।

### जनपद सदस्य विक्रम सिंह ने स्कूली बच्चों को कराया न्योता भोज



**धौरपुर**। प्रायमरी, माध्यामिक, आत्मानंद स्कूल के बच्चों को जनपद सदस्य ने सामूहिक न्योता भोज कराया। नगर के स्वामी आत्मानंद स्कूल, प्राथमिक शाला धौरपुर, प्राथमिक शाला चटकपुर, प्राथमिक शाला मसगा एवं भिलाई कला में जनपद सदस्य विक्रम सिंह, श्याम अग्रवाल, रवि अग्रवाल के सहयोग से सभी स्कूल के बच्चों को सामूहिक न्योता भोज कराया गया। भोज में मीठा पकवान बनाकर उन्हें खिलाया गया। विक्रम सिंह ने माध्यामिक शाला एवं आत्मानंद स्कूल में बच्चों को पंक्ति में बैठाकर बच्चों को भोजन परोसा वहीं प्राथमिक शाला में श्याम अग्रवाल, संदीप अग्रवाल एवं रवि अग्रवाल ने बच्चों को भोजन परोसा न्योता भोज का खर्च जनपद सदस्य ने उठाया है।

### मोड़ के समीप गड्ढे में गिरी बाइक दो युवकों की मौत

**अम्बिकापुर**। दोस्त को लेकर बाइक से घर लौट रहे युवक गांव के मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गए। दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है परीक्षा का अंतिम पेपर समाप्त होने तथा युवक के घर में शादी होने पर दोस्तों युवक को लेकर गए थे। जानकारी के अनुसार कांसाबेल थाना अंतर्गत ग्राम चेटवा निवासी विशाल कुमार विश्वकर्मा आ. सूरभो कुमार विश्वकर्मा (17 वर्ष) पत्थलगांव में रहकर कक्षा 11वीं में पढ़ाई कर रहा था। गुरूवार को परीक्षा का अंतिम पेपर दिया। इसी बीच चाचा के यहां शादी होने पर उसके दोस्त राजू व गौरव बाइक से पत्थलगांव पहुंचे। तीनों बाइक से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही खुटीटोली मोड़ के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गड्ढे में गिर गए। दुर्घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन घायलों को कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत राजू को मृत घोषित कर दिया जबकि विशाल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। जबकि घायल गौरव का स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है। परिजन विशाल को शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

## आग लगने पर हो सकती है बड़ी दुर्घटनाएं

# ऑटो, यात्री बसों एवं स्कूली बस वेन में नहीं है अग्निशमन यंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आगजनी होने की कोई निश्चित समय नहीं होता और छोटी सी चिंगारी भी कभी वृहद आगजनी का रूप ले सकता है। ऐसे में सुरक्षा के इंतजाम न हो तो लोगों के लिए कई तरह की मुश्किलें खड़ी हो सकती है। खास कर वाहनों में आग लगने का खतरा अधिक होता है। हैरानी की बात यह है शहर में सैकड़ों की संख्या में यात्री वाहन सड़क पर दौड़ते है परंतु अधिकांश वाहन में अग्निशमन यंत्र नहीं होता जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। नियमानुसार सार्वजनिक स्थानों में जिस तरह अग्निशमन यंत्र लगाना अनिवार्य है उसी तरह ऑटो, यात्री बसे व स्कूल में संचालित बस ऑटो में भी आग बुझाने के लिए अग्निशमन सिलेंडर रखना अनिवार्य है। हैरानी की बात यह है कि दमकल विभाग को हिदायत के बावजूद अधिकांश बसों व ऑटो में आग बुझाने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होती। ऐसे में लोग जान जोखिम में डाल सफर करने को मजबूर है।

**खास बात**

- जांच के बाद एक स्कूल को छोड़ सभी निजी स्कूलों को जारी किया नोटिस

शहर के अन्तर्राज्यीय प्रतीक्षा बस स्टैंड से जिले सहित दूसरे शहर व जिलों से प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री पहुंचते है। शहर से हर रूट में लगभग हर रोज 5 सौ यात्री बसे आवागमन करती है। ऐसे में शहर के अन्य सार्वजनिक स्थानों की अपेक्षा प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में चौबीस घंटे लोगों की काफी भीड़ होती है। परंतु आगजनी की घटना को लेकर अधिकांश यात्री बसों में आग से बचाव के कोई साधन उपलब्ध नहीं है। इसी तरह शहर में कुछ साल के भीतर ही ऑटो की संख्या में न सिर्फ बढ़ोत्तरी हुई है बल्कि शहर में ऑटो तीन हजार को पार कर चुकी है जो शहर के विभिन्न मार्गो में दौड़ती है। तीन हजार ऑटो में गिनती के कुछ वाहनों में अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था होती है जिससे आपात कालीन समय में सिर्फ थोड़ा बहुत आग पर ही काबू पाया जा सकता है। लेकिन अग्निशमन यंत्र नहीं होने पर जब किसी वाहन में आग लगी तो न सिर्फ बड़ी दुर्घटना हो सकती है बल्कि कई यात्रियों के जान जोखिम में पड़ सकते है। हैरानी की बात यह है कि सैकड़ों की संख्या में यात्री बसें संचालित है परंतु यात्रियों की सुरक्षा को लेकर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी व वाहन मालिक गंभीर नजर नहीं आते । ज्वलनशील पेट्रोल, डीजल से लैस वाहन बस स्टैंड के अलावा कई भीड़ भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों में खड़ी होती है ऐसे किसी वाहन में आग लगी तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है।



प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में खड़ी यात्री बसें।

### कई वाहनों में लग चुकी है आग

शहर समेत आसपास क्षेत्र में यात्री बस, ऑटो व अन्य वाहनों में आग लगने की कई घटनाएं हो चुकी है। हालांकि आगजनी से कोई हताहत नहीं हुआ परंतु वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। पूर्व में शहर आकाशवाणी चौक से कुछ दूर रिंक रोड काली मंदिर के समीप एक वाहन के खड़े करने के दौरान जबकि स्कार्पियो वाहन के चलते समय ही वाहन में आग लग गई। इसके अलावा राजपुर मार्ग में दो यात्री बसों में आग लगने की घटना हो चुकी है। इस घटनाओं से एक बात तो स्पष्ट हो गई कि पेट्रोल व डीजल वाहन में कभी भी आग लग सकती है। ऐसे में वाहन में अग्निशमन सिलेंडर रखना कितना महत्वपूर्ण है।

### स्कूल संचालकों को जारी किया गया नोटिस

शहर के अलावा आसपास क्षेत्र में बड़ी संख्या निजी स्कूल संचालित है। स्कूलों में बड़ी संख्या में स्कूल वैन, बस के अलावा ऑटो से सैकड़ों की संख्या में बच्चे आवागमन करते है। वाहन में किसी प्रकार से आगजनी की घटना होने पर आपात कालीन व्यवस्था के तौर पर अग्निशमन यंत्र है या नहीं इसे लेकर कुछ माह पूर्व ही दमकल टीम ने स्कूलों में संचालित वाहनों की जांच की गई। हैरान की बात यह है एक निजी स्कूल को छोड़ अन्य निजी स्कूलों में संचालित वाहन में अग्निशमन यंत्र नहीं पाया गया। जिस पर टीम ने एक स्कूल को छोड़ सभी स्कूलों को नोटिस जारी किया है।

### अग्निशमन यंत्र रखना अनिवार्य

यात्री बस, ऑटो के अलावा स्कूलों में बच्चों को लाने ले जाने के लिए बस व ऑटो की जांच की जाती है। साथ ही स्कूल संचालको सहित ऑटो चालक, बस मालिकों को वाहन में अग्निशमन यंत्र रखने की हिदायत दी गई। जांच में वाहनों में अग्निशमन यंत्र नहीं पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

-अंजनी तिवारी, दमकल प्रभारी



## सामुदायिक भवन के सामने गिरा पेड़, बाल-बाल बचे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

सामुदायिक भवन के सामने आज दोपहर उस समय अफरा-तफरी की स्थिति बन गई जब अचानक मुख्य मार्ग पर पेड़ गिर गया। सड़क पर राहगीर कम होने तथा पेड़ के आसपास खड़े लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

हो की स्थानीय सामुदायिक भवन स्टेडियम ग्राउंड रोड भीड़ भाड़ वाली स्थान पर अचानक से आज दोपहर में पेड़ गिर जाने के कारण जहां यातायात घंटों बाधित रही। शुक्रवार प्रतापपुर में बाजार लगने के कारण काफी भीड़ होती है। पेड़ के गिर जाने से यातायात को बाधित हुई वही पेड़ गिरने के चपेट में आते आते कई लोग बचे नहीं तो आज बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। पेड़ को गिरते आसपास मौजूद लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोपहर होने तथा तेज धूप के कारण सड़क पर लोगों की आवाजाही काफी कम थी। अगर मार्ग में भीड़ होती तो गई लोग पेड़ की चपेट में आ सकते थे। पेड़ को काटकर तत्काल आवागमन दुरुस्त किया गया।

### दो साल तक पिता करता रहा बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर**। रिश्ते को शर्मशार करने घटना सामने आई है। राजपुर पुलिस ने पत्नी की मौत के नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी पिता को गिरफ्तार किया है। आरोप लगातार दो वर्षो से बच्ची का दैहिक शोषण कर रहा था। बताया जा रहा है कि राजपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली 14 वर्षीय नाबालिग की माता की मृत्यु हो गई थी। मां की मौत के बाद आरोपी पिता लगातार दो वर्षो से दैहिक शोषण कर रहा था। आरोपी ने बच्ची को डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। दो साल तक प्रताड़ना झेलने के बाद बच्ची ने घटना की जानकारी दो दिन पूर्व अपनी बड़ी मां को दी जिसके बाद बड़ी मां बच्ची को लेकर थाने पहुंची थी। बच्ची की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ 76 (एबी), 376 (2) (एन), पॉक्सो एक्ट की धारा 4,6 के तहत अपराध दर्ज कर जांच की और जांच उपरान्त गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



## डीएवी में श्रद्धापूर्वक में मनाई गई महात्मा हंसराज की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को महात्मा हंसराज की 160 वीं जयंती श्रद्धाभाव से मनाई गई।इस अवसर पर सामूहिक वैदिक हवन का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय प्राचार्य, अध्यापक, अध्यापिकाएं और विद्यार्थी शामिल हुए।विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों के द्वारा महात्मा हंसराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करते हुए आयोजन का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान विद्यालय प्राचार्य एच के पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि महात्मा हंसराज जी का संपूर्ण जीवन त्याग और सेवा भाव से परिपूर्ण रहा है । वैदिक संस्कृति के उन्नयन, समाज सेवा एवं शिक्षा के प्रचार-प्रसार में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। वे दयानंद एंग्लो वैदिक हाई स्कूल लाहौर के अवैतनिक प्रधानाध्यापक रहेऔर बाद में दयानंद एंग्लो वैदिक कॉलेज के आजीवन अवैतनिक प्राचार्य के रूप में सेवा देते रहे।उन्होंने समस्त विद्यार्थियों को अच्छी पुस्तकें पढ़ने और समाजसेवा के कार्य में हमेशा अग्रणी रहने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महाप्रबंधक अजय तिवारी ने विद्यालय परिवार को महात्मा हंसराज जयंती की शुभकामनाएं दीं, इसके बाद विद्यालय के संस्कृत अध्यापक बलवीर त्रिपाठी व अमूल भोईं ने भी महात्मा हंसराज के बारे में अपने वक्तव्य साझा किये। तत्पश्चात संगीत शिक्षक नासिर खान एवं मनीष शर्मा के निर्देशन में विद्यालय की छात्राओं के द्वारा ' ओम है जीवन हमारा, ओम प्राणाधार है' एवं 'प्रभु दुर्गुण मेरे हर लीजिए' भजनों की सामूहिक संगीतमय की मनोरम प्रस्तुति दी गई,सामूहिक शांति पाठ के साथ आयोजन का समापन किया गया।

### बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर**। बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की बाइक बरामद की है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अजिरमा निवासी रईस अंसारी 16 अप्रैल को अजिरमा स्थित पंचर दुकान के सामने अपनी बाइक खड़ी कर खाना खाने गया हुआ था। कुछ समय बाद जब युवक वापस लौटा तो उसकी बाइक गायब थी ऐसे में उसने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत उपरान्त पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर निवासी 23 वर्षीय अंकित कुमार यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने सुभाषनगर में रहने और चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को धारा 379 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक विनोद बारी, आरक्षक देवेंद्र पाठक, पंकज कुमार लकड़ा शामिल रहे।



TOP IN SURGUJA

क्या आप परेशान है इन सबसे
- उदासी
- चिन्ता
- घबराहट
- डर
- चिड़चिड़ापन
- नशे की लत
- मंद बुद्धि
- सेक्स समस्या
- याददाश्त की कमी
- शक करना
- पागलपन

इन सभी समस्याओं के लिए सम्पर्क करें
यदि आप उपरोक्त लक्षणों में से किसी एक से पीड़ित है तो आपको जाँच की आवश्यकता है

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
आपके शहर अम्बिकापुर सुप्रसिद्ध जाने माने मनोचिकित्सक रोग विशेषज्ञ
डॉ.रितेश सिंह
MBBS, MPH, DCMH, CCPM (NIMHANS BANGALORE)
मनोचिकित्सक रोग विशेषज्ञ
24 HOUR
दिनांक - 16 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024, समयः सुबह 10 बजे से 3 बजे तक शामः 5 बजे से 8 बजे तक
पता बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज के सामने, अम्बिकापुर
9424250281, 8120906000, 8120809000

डॉ.बी.मिंज
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in pain management) Interventional pain physician and spine Endoscopist
दिनांक 11 एवं 12 मई 2024, समय - सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
(अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें मो.- 8770826055, 9827731775)
बिना ऑपरेशन पीठ दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द, घुटने का दर्द, एड़ी का दर्द, सायटिका, मांसपेशियों एवं पसलियों का दर्द एवं अन्य तीन महीने से पुराना किसी भी प्रकार के दर्द का इलाज (सुईनुमा तकनीक, दूरबीन पद्वति) से मध्यप्रदेश के प्रसिद्व दर्द निवारक एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी मिंज द्वारा किया जाता है।
सिटी हॉस्पिटल नमनाकला अम्बिकापुर
टीपः- प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार एवं रविवार को उपलब्ध रहेंगे (अगले माह 8 एवं 9 जून 2024)

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनीमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफॉइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्रायटिस (पेट में दर्द या जलन होना)
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)

## जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव में चयनित विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिन्हा जिला सहायक परियोजना पदाधिकारी रवि प्रकाश पाण्डेय के आतिथ्य में जवाहर नवोदय विद्यालय खलीबा में जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ.एसके सिन्हा ने की। कार्यक्रम में डॉ.सिन्हा ने प्रेरणा उत्सव के उद्देश्य पर प्रकाश डाला एवं कहा कि प्रेरणा अनुभावानात्मक एवं प्रेरणादायक शिक्षण कार्यक्रम है जहां विरासत और नवाचार का मिलन होता है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री सिन्हा ने कहा कि आपके अंदर रचनात्मक, क्रियात्मक, अभिव्यक्ति को प्रकट करने के लिए सशक्त एवं प्रेरणादायक मंच प्रदान किया गया है। चयनित छात्र-छात्राओं ने निबंध लेखन, कविता लेखन, चित्रकला, कहानी लेखन, भाषण आदि के आधार पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रतिभा के मूल्यांकन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। केन्द्रीय विद्यालय जवाहर नवोदय विद्यालय एवं अन्य विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतियोगिता में चयनित 30 छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व एवं सांस्कृतिक जागरूकता का परीक्षण किया। तीन राउंड में चयन की प्रकिया पूरी की गई। चयनित विद्यार्थियों में से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा जिन्हें अहमदाबाद जिले के वडनगर स्थित प्रेरणा स्कूल में जाने का अवसर मिलेगा। प्रेरणा उत्सव के लिए जिलेभर से 106 बालक, 120 बालिका कुल 226 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। कार्यक्रम के लिए जिलेभर के कुल 21 हजार 484 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था जो छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक है। कार्यक्रम के प्रारम्भ में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान बीईओ गोपाल कृष्णा दुबे, बीआरसी संजीव सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार ने किया।

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S. , M.D. DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हॉस्पिटल रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जांच एवं उपचार हेतु।
21 अप्रैल 2024 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 अप्रैल 2024 दिन-शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
डॉ.आर.के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE)
DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दिनांक- 28 अप्रैल 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

शानदार 27 वर्ष
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur
9826183771, 9691620315
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
COURSE GUIDANCE
DCA PGDCA BCA BA B.LIB MSW
PGDRM MA MBA MSC M.COM
O Level Tally
अधिकृत केन्द्र
NIELIT AISECT TEPL CSC

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक- 28 अप्रैल 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर पांचवें रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर
"पारस हाइट्स", गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

## खबर संक्षेप

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर 2 कर्मचारी निलंबित

**बलरामपुर।** लोकसभा चुनाव में मतदान कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 एवं 3 नियुक्त कर विकासखण्ड स्तर पर मतदान कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण 18 एवं 19 अप्रैल को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विकासखण्ड राजपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंदीकला के व्याख्यता संतोष कुमार वर्मा, पीठासीन अधिकारी व शासकीय प्राथमिक शाला करंवा के प्रधान पाठक वीरेन्द्र बड़ा, मतदान अधिकारी क्रमांक 1 बगैर सूचना के अनुपस्थित रहे। उनके द्वारा निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरती गयी। उनके इस कृत्य के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का द्वारा व्याख्यता संतोष कुमार वर्मा व प्रधान पाठक वीरेन्द्र बड़ा का लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13गग, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 (1), (1क) (2) (3) एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 एवं 7 के विपरीत होने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इन कर्मचारियों का मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय बलरामपुर नियत किया गया है तथा इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### मतदाताओं को जागरूक करने शिक्षकों ने निकाली बाइक रैली



**सूरजपुर।** स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आज कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास द्वारा शिक्षकों की बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से शिक्षक शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगो को प्रेरित करेंगे। रैली प्यूरी चौक ,बाजार चौक और चांदनी चौक से होते हुए बाइक रैली सुभाष चौक तक निकाला गया। मतदान के प्रतिशत बढाने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया था। साथ ही मितानिन, शिक्षक, स्काउट गाइड एवं समूह के महिलाओं को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 21 अप्रैल 2024 को निम्न विशेषज्ञ डॉक्टर परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगें। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.अमित जैन, किडनी रोड विशेषज्ञ डॉ.करण सराफ, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह, बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ.रितेश रंजन, पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ.अरूण अय्यर संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगें।



## अब ताकतवर व्यवधान से ही मिलेगी गर्मी से राहत

# झुलसाने लगी पश्चिमी हवा की गर्मी, दिन का पारा पहली बार पहुंचा 40.5 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एक सप्ताह की राहत के बाद अब गर्मी के तेवर शुरू हो गए हैं। शुक्रवार को चिलचिलाती धूप निकलने के साथ ही भीषण गर्मी पड़ी तथा दिन का तापमान चालु सीजन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। मौसम कार्यालय द्वारा शक्रवार को दिन का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस रिकार् किया गया है जो इस वर्ष का सर्वाधिक तापमान है। सरगुजा में अप्रैल के महीने से भीषण गर्मी की शुरूआत हो जाती है तथा तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। इस बार लगातार पछुआ विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में उलटफेर होता रहा। लम्बे समय तक पछुआ विक्षोभ के प्रभावशील होने से शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा होने के कारण एक सप्ताह तक गर्मी से राहत रही। इस दौरान दिन व रात का तापमान औसत से नीचे रहने के कारण गर्मी महसुस नहीं हुई। अभी भी उत्तर भारत में एक पछुआ विक्षोभ सक्रिय है जिसका प्रभाव 2-3 दिन में सरगुजा पहुंचने की संभावना है। हालाकि सरगुजा में विक्षोभ का खास प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। इस दौरान आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने एवं तापमान में आंशिक कमी आने की संभावना है। वर्तमान में कोई सिस्टम गतिशील होने की भी संभावना नहीं है। ऐसे में अब मानसून के दस्तक देने तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है। गर्मी के मौसम में पछुआ विक्षोभ सहित अन्य मौसमी व्यवधानों के कारण बेमौसम बारिश होने के कारण मौसम में बदलाव होने के साथ ही गर्मी से राहत मिलती है। फिलहाल न तो बंगाल की खाड़ी में कोई हलचल है न ही अंडमान सागर में ही कोई सिस्टम है। लगातार पश्चिम एवं पश्चिमोत्तर की गर्म हवाएं पहुंच रही है जिससे फिलहाल कोई मौसमी व्यवधान आने की संभावना नहीं है। ऐसे में अब किसी ताकतवर विक्षोभ या अन्य व्यवधान के उत्पन्न होने या फिर मानसून की गतिविधियां प्रारम्भ होने पर ही गर्मी की तपिश से राहत मिलने की संभावना है। मौसम विज्ञानी फिलहाल चिलचिलाती धूप निकलने के साथ ही भीषण गर्मी एवं दिन के तापमान में वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। इसके पूर्व मौसम कार्यालय द्वारा 4 अप्रैल को अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री रिकार्ड किया गया था। इसी दौरान पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से तापमान गिरने के कारण गर्मी से राहत मिली थी।

**खास बात**

- सरगुजा में पछुआ विक्षोभ का नहीं पड़ेगा खास प्रभाव



दोपहर के समय सूनसान सड़क।

**रात में गर्मी से राहत**

दो दिन पूर्व तक रात में भी गर्मी से राहत नहीं थी तथा रात का तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। पिछले तीन दिनों से रात के तापमान में लगातार गिरावट हो रही है जिसके कारण गर्मी से राहत है। मौसम कार्यालय द्वारा मंगलवार को रात का तापमान 22.2 डिग्री एवं बुधवार को 21.2 डिग्री रिकार्ड किया गया था जो शुक्रवार को गिरकर 19.8 डिग्री पहुंच गया है। फिलहाल राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा एवं पश्चिमती मध्यप्रदेश लू की चपेट में है। हालाकि मौसम विज्ञानी अभी सरगुजा में लू का प्रभाव नहीं पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं लेकिन जिस तरह से धूप की तपिश बढ़ रही है आगामी दो-तीन दिन तक दिन के तापमान में और अधिक वृद्धि होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

**पिछले साल अप्रैल में थी राहत**

पिछले साल अप्रैल के महीने में गर्मी से राहत थी। लगातार मौसमी व्यवधान आने के कारण पिछले साथ अप्रैल का मौसम सामान्य था तथा पूरे महीने में मात्र 1 दिन का तापमान 40 डिग्री के निकट पहुंचा था। इस दौरान 18 अप्रैल 2023 के दिन अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री रिकार्ड किया गया था। इसके विपरीत वर्ष 2022 में अप्रैल के महीने में भीषण गर्मी पड़ी थी तथा लगातार 15 दिनों तक दिन का तापमान 40 डिग्री या इसके ऊपर रहा था। इस बार भी अप्रैल के शेष बचे दिनों में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है।



## कांग्रेस व इंडिया गठबंधन लड़ रही संविधान को बचाने की लड़ाई : सुश्री खेड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रवक्ता एवं छत्तीसगढ़ की मीडिया प्रभारी सुश्री राधिका खेड़ा ने कहा कि इस बार हम एक भीषण चुनाव लड़ रहे है। भीषण इस लिए क्यों कि यह लड़ाई हार जीत और सत्ता पाने की नहीं बल्कि संविधान को बचाने की लड़ाई है। कांग्रेस और इण्डिया गठबंधन संविधान को बचाने का प्रयास कर रही है। सुश्री खेड़ा आज जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा कर रही थी। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जाकर मतदाताओं से कह रहे है कि हमें 400 सीट लाने में मदद करें क्यों कि हमें संविधान बदलना है। उन्होंने कहा कि भाजपा आरक्षण विरोधी है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने जनता के हित में एक आरक्षण बिल लाया था जिसे सदन से मंजूरी मिल गई लेकिन राज्यपाल ने बिल पर हस्ताक्षर नहीं किया। प्रदेश में राज्यपाल बदल गए, सरकार बदल गई लेकिन आरक्षण बिल अभी भी टेबल पर धूल खा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आदिवासी विरोधी है और यह पूरा देश देख रहा है। कांग्रेस ने देश में बेरोजगारों को राहत देने के लिए 30 लाख युवाओं को रोजगार प्रदान करने का वादा किया है। महिलाओं को साल में एक लाख रुपए प्रदान किया जाएगा। कांग्रेस नौकरी में दस प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को शिक्षा में भी दस प्रतिशत का आरक्षण देगी। सुश्री खेड़ा ने कहा हम किसानों का कर्जा माफ करेंगे। हमारी सरकार आने पर कांग्रेस यह तय करेगी कि सभी राज्यों में मनरेगा के तहत न्यूनतम 400 रुपए का मजदूरी भुगतान प्रतिदिन किया जाए। कांग्रेस व इण्डिया गठबंधन की सरकार आने पर जातिगत जनगणना कराई जाएगी। सरगुजा के संदर्भ में उन्होंने कहा कि सीएम विष्णुदेव साय के सीएम पद की शपथ लेने से पहले ही हसदेव जंगल में 18 हजार पेड़ों की बलि दे दी गई अभी तीन लाख पेड़ और काटे जाने है। चिंतामणी महाराज पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने चिंतामणी महाराज के नाम पर आरोप पत्र जारी किया, कोयला घोटाले को लेकर ईडी, सीबीआई की चार्जशीट में डाला नाम डाला लेकिन भाजपा में शामिल होने के बाद चार्जशीट से नाम हट गया और पार्टी ने उन्हें टिकट भी दे दिया। दूसरी तरफ कांग्रेस ने एक युवा नेत्री को सरगुजा से टिकट दिया है जो बेखौफ होकर सदन में जनता की आवाज उठाएंगी। कांग्रेस प्रदेश में 8 से 9 सीट कांग्रेस को मिलेगी। इस दौरान जेपी श्रीवास्तव, द्वितेन्द्र मिश्रा, आशीष वर्मा, अनूपम फिलीप आदि मौजूद थे।

- कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा भाजपा बदलना चाहती है देश का संविधान

**बिश्रामपुर-कुम्दा मार्ग के बाबा मस्तनाथ मंदिर के पास की है घटना**

## कुदरगढ़ दर्शन के लिए निकली स्कूटी सवार महिलाओं से लूटपाट करने का प्रयास



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कुदरगढ़ मां का दर्शन करने जा रहे स्कूटी सवार को अज्ञात हथियारबंद लोगों द्वारा लूटपाट किए जाने का असफल प्रयास किया गया है। घटना में स्कूटी सवार एक महिला की दुर्घटना में चोट आने पर उसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत करमपुर निवासी 58 वर्षीय सुलकी बाई पति कालरी कर्मी निरंजन उरांव शुक्रवार को सुबहतड़के करीब साढ़े चार बजे अपने रिश्ते की ननंद 28 वर्षीय सुनीता टोप्पो पिता स्व.राम के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईए 9855 में मां कुदरगढ़ी का दर्शन करने घर से निकली थी। इसी दौरान बिश्रामपुर-कुमदा मार्ग पर स्थित बाबा मस्तनाथ मंदिर के पास तीन बाइक सवार अज्ञात लोग जो हाथ में कट्टा रखे थे, उनके द्वारा उक्त स्कूटी सवारों को रोकने के लिए आवाज दी गई। अज्ञात लोगों द्वारा रुकवाने के असफल प्रयास किए जाने उपरांत स्कूटी सवार महिला द्वारा काफी तेज गति से स्कूटी को चलाई, जिससे थोड़ी ही दूर पर स्कूटी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में सुलकी बाई के चेहरे पर मुंह के पास व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है। घायल सुलकी बाई को तत्काल केंद्रीय चिकित्सालय बिश्रामपुर में लाकर उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा अज्ञात लोगों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी गई है।

- कट्टा हथियार पकड़े हुए बाइक सवार तीन युवकों ने जबरन स्कूटी रुकवाने की कोशिश की
- भय से स्कूटी तेज गति से भगाने पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिरी महिला व रिश्तेदार, घायल अवस्था में उपचार हेतु बिश्रामपुर केंद्रीय अस्पताल हुए भर्ती

**पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर पति ने की आत्महत्या**

पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर चार महीने पूर्व पति द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने पत्नी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत जयनगर बाजारपारा निवासी मैकेनिक का काम करने वाले मदन पनिका पिता लक्ष्मण पनिका द्वारा पत्नी शीला की प्रताड़ना से तंग आकर 30 नवंबर की रात घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। मामले में परिजन द्वारा निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए पुलिस विभाग के आला अधिकारियों को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की गई थी।इस पर गठित जांच टीम के विवेचना में मैकेनिक मदन पनिका द्वारा पत्नी शीला द्वारा लगातार प्रताड़ित किए जाने की वजह से आत्महत्या किए जाने की बात सिद्ध होने पर पुलिस ने पत्नी शीला के खिलाफ धारा 306 के तहत कार्यवाही करते हुए पत्नी को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि मैकेनिक मदन पनिका द्वारा करीब 12 वर्ष पूर्व शीला नामक महिला के साथ अंतर जातीय प्रेम विवाह किया गया था।

- आरोपी पत्नी गिरफ्तार, हुई जेल दाखिल

### जमदेई में दसवीं की छात्रा ने घर में लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** गुरुवार शाम जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम जमदेई निवासी दसवीं की छात्रा ने घर में फांसी लगा खुदकुशी कर ली है ।सूचना पर पुलिस ने मामले में शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मर्ग कायम किया है।पुलिस ने बताया कि ग्राम जमदेई निवासी दसवीं की छात्रा दीपा यादव आत्मज शंभू यादव 17 वर्ष कल घर में अकेली थी इसी दौरान अचानक शाम छह से सात बजे के बीच घर के आँगन का दरवाजा बंद कर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।बताया गया कि उसके माता पिता उनके किसी रिश्तेदार के निवास विवाह समारोह में शामिल होने गए थे,इसी दौरान छात्रा ने खुदकुशी कर ली।नाबालिग युवती ने आत्महत्या किन कारणों से की है पुलिस इसकी जांच कर रही है।पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया है, शुक्रवार की दोपहर में गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

### गोयनी चेक पोस्ट, पश्चिमपारा बॉर्डर सील

**बैकुण्ठपुर।** चुनाव कार्यक्रम की घोषणा पश्चात आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। छग राज्य के विभिन्न जिलों की सीमा अन्य राज्यों यथा मध्यप्रदेश, महाराष्ट, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, झारखंड एवं उत्तरप्रदेश से लगी हुई है। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण 19 अप्रैल के मद्देनजर 18 अप्रैल को उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू एवं चौकी प्रभारी रामगढ़ द्वारा सीमावर्ती राज्य मध्यप्रदेश से छग राज्य की सीमा को छूने वाले रामगढ़ क्षेत्र के गोयनी बॉर्डर चेक पोस्ट एवं पटेलपारा पश्चिमपारा को सील किया गया है। कोरिया पुलिस द्वारा गोयनी बॉर्डर चेक पोस्ट नाका में सहायक उप निरीक्षक प्रभाकर नाथ साहू, आरक्षक अर्जुन टोप्पो, लाजर कुमार एवं हेमंत सिंह पूर्व से ही 24 घंटा तैनात होकर ड्यूटी कर रहे हैं, इसके अतिरिक्त बाइक पेट्रोलिंग के लिए आरक्षक राजेन्द्र सिंह, डीएसएफ समयलाल एवं पश्चिमपारा के बॉर्डर पर बाइक पेट्रोलिंग के लिए आरक्षक तुशंत पाटले, डीएसएफ उमेन्द्र सिंह को तैनात किया है। उपरोक्त दोनों पॉइंट की विशेष निगरानी के लिए पेट्रोलिंग के लिए प्रधान आरक्षक प्रेमलाल टोप्पो, आरक्षक इलियास, अनूप तिग्गा एवं आरक्षक प्रेमलाल साहू की ड्यूटी भी लगाई गई है।



## पेज 1 का शेष

### मुद्दाविहीन कांग्रेस...

और गृह मंत्री अमित शाह इस बात को स्पष्ट कर चुके है कि एसटी, एससी, ओबीसी का आरक्षण खत्म नहीं होगा। सीएम श्री साय शुक्रवार को कलाकेंद्र मैदान से चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। सीएम सरगुजा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज के नामांकन रैली में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रथ में सवार होकर शहर का भ्रमण करने के साथ ही जनता का अभिवादन किया। सीएम की मौजूदगी में भाजपा प्रत्याशी श्री चिंतामणी ने अपना दाखिल किया जिसके बाद कला केंद्र मैदान में चुनावी सभा आयोजित की गई। इस दौरान सीएम श्री साय ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस एक लाख रुपए का फार्म महिलाओं के नाम पर भरवा रही है लेकिन क्या आपको विश्वास है वो एक लाख रुपए देंगे। हम तो महतारी वंदन योजना के तहत दो बार एक एक हजार रुपए खातों में भेज चुके है। छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री को कहा है कि माता बहनों के खाते में महीने के पहले सप्ताह में राशि जमा हो जानी चाहिए। कांग्रस भ्रम फैला रही है कि चुनाव तक महतारी वंदन योजना है और चुनाव के बाद इसे बंद कर दिया जाएगा लेकिन जब तक छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार है तब तक राशि मिलती रहेगी। भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महराज ने कहा कि निश्चित रूप से कार्यकर्ताओं में जोश व जुनून है व कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठाने के लिए आतुर है। इस दौरान डिप्टी सीएम अरुण साव, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक प्रबोध मिंज, राजेश अग्रवाल, रामकुमर टोप्पो, भूलन सिंह मरावी, शकुंतला सिंह पोर्ते, श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, विधायक अमर अग्रवाल, अनुराग सिंह देव, पूर्व विधायक रजनी त्रिपाठी, रामप्रताप सिंह, राजा पांडेय, रामसेवक पैकरा, कमलभान सिंह, अखिलेश सोनी, ज्योतिनंद दुबे, लखनलाल साहू, श्रीमती चम्पादेवी पावले, जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, बाबूलाल अग्रवाल, ओमप्रकाश जासीवाल, विजयनाथ सिंह सहित हजारों संख्या में संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

**छत्तीसगढ़ में हो रहा सांय सांय विकास**-सीएम श्री साय ने कहा कि 100 दिन की सरकार में मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को पूरा करने का प्रयास किया। 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति, 2 साल का बकाया बोनस, 12 लाख से ज्यादा किसानों के 3716 करोड़ रुपए दिया। 31 क्विंटल प्रति एकड़ धान व 3100 रुपए में धान की कीमत दी। अंतर की राशि 13320 करोड़ दिया गया। रामलला दर्शन योजना शुरू हो गई है और तेन्दुपत्ता 5500 प्रति मानक खरीदी का सरकार ऑर्डर कर चुकी है। मोदी की गारंटी के काम तीन महीना में सांय सांय हुआ है और बाकी काम भी जल्द ही चुनाव के बाद पूरे किए जाएंगे।

**कांग्रेस खा गई गौठानों का गोबर भी**- सीएम ने कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने पांच वर्षों तक छत्तीसगढ़ में राज किया लेकिन अपने वादों को पूरा नहीं किया। छत्तीसगढ़ को भ्रस्टाचार, अपराध का गढ़ बना दिया गया। नरवा-गरवा, घुरवा-बाड़ी के गोबर तक कांग्रेसी खा गए। कांग्रेस के नेता और उनके सहयोग करने वाले अधिकारी जेल में है उनकी बेल खारिज हो रही है। कांग्रेस को सबक सिखाना है और जिस तरह विस चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ किया वैसे ही लोकसभा चुनाव में सूपड़ा साफ कर सभी 11 सीटों को जीताकर भाजपा को देना है।

**शंखनाद कर किया चुनाव का आगाज**- भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज के नामांकन रैली में शामिल होने पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय धार्मिक परम्परा के अनुरूप स्वागत किया गया। कलेक्टोरेट परिसर के बाहर सीएम व अन्य अतिथियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान विश्व विख्यात शंख वादक श्री राम जनम योगी बनारस ने एक सांस में चार मिनट से भी अधिक समय तक शंखनाद कर सबको अचरज में डाल दिया। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के रैली और सभाओं में कई बार शंखनाद कर चुके हैं। श्री राम जनम योगी ने दावा किया कि उन्होंने मॉरिशस में 30 मिनट तक शंख बजाया था। गंगा आरती के समय बनारस में वे पीएम मोदी के समक्ष कई बार शंख बजा चुके हैं। नामांकन के लिए जाते समय कलेक्ट्रेट मार्ग के दोनो ओर बनारस का विशेष डमरू दल भी मौजूद रहा, दोनो ओर से पुष्प वर्षा की गई। इस आयोजन में भाजपा नेता रमन अग्रवाल, ऋषि कांत सिंह टीनू, चीनू खान, दीपक सिंह तोमर आदि सक्रिय रहे।

**रैली में उमड़ी भारी भीड़**- भाजपा प्रत्याशी चिन्तामणी महाराज ने आज शक्तिप्रदर्शन के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान शहर के अग्रसेन भवन से भाजपा द्वारा रैली निकाली गई। गाजे बाजे व पारम्परिक नृत्य के साथ निकली रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस दौरान सीएम ने भाजपा प्रत्याशी, डिप्टी सीएम व कैबिनेट मंत्रियों के रथ में सवार होकर शहर भ्रमण किया। रैली का जगह जगह भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने स्वागत किया। रैली अग्रसेन भवन से अग्रसेन चौक, जयस्तंभ चौक, सदर रोड, देवीगंज रोड, घड़ी चौक होते हुए कला केंद्र मैदान में आम सभा में तब्दील हो गई।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
छ.ग. के सुप्रसिद्ध रोग विशेषज्ञ डॉ. सुशांत MBBS MD (General Medicine) DNB Neurology Resident RKCH Raipur
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित जैन MS, MCH (Neurosurgery) Brain and Spine Surgeon
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. गौरीशंकर सिंह MD. (PSYCHIATRY) BHU MBBS (AFMC)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. करण सराफ M.D. (MEDICINE), DM (Nephrology)
रायपुर के वरिष्ठ बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन MBBS, MS MCH (Mumbai) Neonatal & Pediatric Surgeon
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 TESLA MRI All Diagnostic Facilites
डॉक्टर हाऊस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने जिला आस्पताल रोड अम्बिकापुर
21 अप्रैल 2024 प्रत्येक माह के तीसरे रविवार
छ.ग. के विख्यात पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. अरूण अय्यर MBBS, MD, DM Gastroenterology
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

Narayana Health | MMI
एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर के द्वारा
हृदय रोग ओपीडी
डॉ. स्नेहिल गोस्वामी
सलाहकार - हृदय रोग
20 अप्रैल 2024, शनिवार
दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक
पोद्दार केयर एंड डायग्नोस्टिक्स, मौहारापारा, मनेन्द्रगढ़
21 अप्रैल 2024, रविवार
सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल, जिला अस्पताल के पास, मेडिकल काम्प्लेक्स, अंबिकापुर
दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक
एस. आर. इस. (SRS) हॉस्पिटल, जिला अस्पताल रोड, अंबिकापुर
Our Network: 18 Hospitals | 4 Heart Centres | 14 Cities in India | 21 Clinics | 110+ Specialities
Take Care | MMI Narayana Hospital, Lalpur, Raipur 9827872666

Online Booking : www.tripuryatra.com





## स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024 तक ( 07 दिन )

रायपुर (08:00), उसलापुर (10:30), शहडोल (14:00) से होकर

सबसे कम राशि पर

चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है...

जय माता दी

# माता वैष्णव देवी

### माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)

स्लीपर मात्र 8,500/-

**स्पेशल ट्रेन की विशेष सुविधाएं**

1. श्रद्धालुओं को ट्रेन बदलनी नहीं रहती, स्पेशल ट्रेन आपको पूरे धार्मिक स्थल का दर्शन करवा वापस आपके गंतव्य स्थल पर छोड़ेगी ।
2. स्पेशल ट्रेन में कोई बाहरी यात्री सवार नहीं होते, स्पेशल ट्रेन हमारे श्रद्धालु गण के लिए ही बनी रहती है ।
3. श्रद्धालुगण का लगेज ट्रेन पर ही रहती है ,खाली हाथ दर्शन को श्रद्धालुगण जाते हैं एवं बार-बार समान उतारना-चढ़ाना नहीं पड़ता।
4. छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ कुक के टीम से श्रद्धालुओं को घर जैसा स्वादिष्ट, लाजवाब भोजन नाश्ते की व्यवस्था रहती है।
5. अनुभवी मैनेजर/ गाइड पूरे यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ रहेंगे ।
6. सभी श्रद्धालुओं के ग्रुप को सीट एक साथ मिलती है।

राशि : स्लीपर 12,500/-, 3 एसी -20,500/-, 2 एसी -25,500/- ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

**माता-पिता व स्वयं तीर्थ यात्रा कर जीवन धन्य करें साथ -साथ पुण्य का लाभ अर्जित करें।**



स्लीपर मात्र 18,500/-

सबसे कम राशि पर

# चार धाम यात्रा

रायगढ़ (11.56), खरसिया (12.21), सक्ती (12.36), बाराद्वार (12.50), चांपा (13.15), जांजगीर नैला (13.26), अकलतरा (13.40), बिलासपुर जंक्शन (14.30), पेंड्रा रोड (16.15), भाटापारा ( 06.30), तिल्दा (06.53), रायपुर जंक्शन (07.40), दुर्ग (08.35), राजनांदगांव (08.59), डोंगरगढ़ (09.24), अनूपपुर जंक्शन (17.15)

### श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

**रिजर्वेशन कोच (14 दिन)**
- 09 मई से 22 मई 2024
- 20 मई से 02 जून 2024
- 24 मई से 06 जून 2024
- 26 मई से 08 जून 2024
- 29 मई से 11 जून 2024
- 05 जून से 18 जून 2024
- 05 सितंबर से 18 सितंबर 2024
- 20 सितंबर से 03 अक्टूबर 2024

**चारधाम की विशेष सुविधा**

1. रेलवे ट्रेन टिकट आने-जाने की सुविधा हरिद्वार तक। 2. हरिद्वार से 2/2 की 27 सीटर छोटी बस की सुविधा। 3. रात्रि विश्राम के लिए हॉटल / लॉज में ठहरने की उत्तम सुविधा। 4. सर्वेश्रेष्ठ कुक द्वारा गरमा-गरम ताजा उत्तम नाश्ते व स्वादिष्ट रात्रि भोजन की उत्तम सुविधा व ट्रेन में लंच की व्यवस्था। 5. एक अनुभवी गाईड कम मैनेजर की सुविधा।

**चारधाम यात्रा की इन्डीविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें-8802411411**

नोट : कृपया अंतिम दिनांक से पहले बुकिंग करवालें क्योंकि ट्रेन में वेटिंग लगने पर टिकिट नहीं मिल पाती है।

यात्रा पंजीयन अप्रैल में खुल गई है आपको यात्रा पंजीयन करवाना अनिवार्य है। अन्यथा आपका चार धाम यात्रा करना मुश्किल रहेगी।

स्लीपर 22,500/-, 3 एसी -32,500/-, 2 एसी - 38,500/- ऑफर : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-32,500/- (+5% GST) 25 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

# नेपाल विदेश यात्रा

स्लीपर मात्र 18,500/-

जनकपुर (सीता मईया जन्म स्थल) सीतामणी, वाराणसी (काशी विश्वनाथ), प्रयागराज (त्रिवेणी संगम), अयोध्या (राम जन्मभूमि), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंठ, सांघा) काठमांडू दरबार, भक्तपुर

**रिजर्वेशन कोच (14 दिन)**
- 09 मई से 22 मई 2024
- 06 जून से 19 जून 2024
- 25 जुलाई से 07 अगस्त 2024
- 22 अगस्त से 04 सितंबर 2024
- 12 सितंबर से 25 सितंबर 2024
- 10 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2024
- 28 नवंबर से 11 दिसंबर 2024
- 19 दिसंबर से 01 जनवरी 2025

राशि : 22,500/- रु., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- | ऑफर : राशि : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

# अमरनाथ यात्रा

स्लीपर मात्र 13,500/-

### बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी

नोट : आपको अमरनाथ का स्वयं मेडिकल व रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है।

**रिजर्वेशन कोच (11 दिन)**
- 16 जुलाई से 26 जुलाई 2024
- 06 अगस्त से 16 अगस्त 2024

राशि : 18,500/- रु., 3एसी-25,100/-, 2एसी-30,500/- | ऑफर : राशि : स्लीपर 13,500/- 3 एसी-20,500/-, 2 एसी-25,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

# 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग

**रिजर्वेशन कोच (11 दिन)**
- 24 जुलाई से 03 अगस्त 2024
- 21 अगस्त से 31 अगस्त 2024
- 11 सितंबर से 21 सितंबर 2024
- 16 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2024
- 27 नवंबर से 07 दिसंबर 2024
- 25 दिसंबर से 04 जनवरी 2025

राशि : 20,500/- रु., 3एसी-28,100/-, 2एसी-32,500/- | ऑफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-22,500/-, 2 एसी-28,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

**स्पेशल ट्रेन से 14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक ( 07 दिन )**

# द्वारकाधीश धाम यात्रा

स्लीपर मात्र 8,500/-

श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, माउंट आबू / उज्जैन (महाकालेश्वर)

राशि : 12,500/- रु., 3एसी-20,100/-, 2एसी-25,500/- | ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

**स्पेशल ट्रेन से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 (11 दिन)**

नोट : तिरूपति बालाजी की व्हीआईपी टिकिट यात्रियों को स्वयं बुक करनी है।

# रामेश्वरम् धाम यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मिनाक्षीदेवी

**रिजर्वेशन कोच (10 दिन)**
- 04 जून से 13 जून 2024
- 20 अगस्त से 29 अगस्त 2024
- 10 सितंबर से 19 सितंबर 2024
- 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2024

राशि : 22,500/- रु., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- | ऑफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

**स्पेशल ट्रेन से 13 सितंबर से 18 सितंबर 2024 तक ( 06 दिन )**

# गंगा सागर यात्रा

स्लीपर मात्र 8,500/-

### गंगा सागर, जगन्नाथपुरी, माँ कामाख्या देवी

राशि : 13,500/- रु., 3एसी-21,100/-, 2एसी-26,500/- | ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

**स्पेशल ऑफर : किसी भी यात्रा में 25 टिकिट की बुकिंग कराने पर 1 टिकिट फ्री* 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर**

सुविधायें : यात्रा के दौरान - 1. कफर्म रेल्वे टिकट आने-जाने की सुविधा। 2. स्टेशन से बाहर मंदिर तक जाने के लिए बस की सुविधा। 3. ब्रेकफास्ट व डिनर व ट्रेन में लंच की सुविधा। 4. लॉज व धर्मशाला में रूम में फैमलि वाईस ठहरने की सुविधा। 5. पूरे यात्रा में एक अनुभवी गाईड/ मैनेजर की सुविधा।

नोट : 1. यात्रा के दौरान नास्ते, भोजन व रहने के लिए लॉज/ धर्मशाला व मंदिर तक जाने के लिए नॉन एसी बस की व्यवस्था समिति द्वारा रहेगी। 2. एसी वाले यात्रियों के लिए नॉन एसी होटल व नॉन एसी बस की व्यवस्था रहती है। 3. यात्रा के दौरान ट्रेन से बाहर दोपहर के भोजन का व्यवस्था आपकी स्वयं की रहेगी। 4. केदारनाथ, यमुनोत्री की पालकी घोड़े, खच्चर, हेलिकाप्टर व नेपाल में मनोकामना दर्शन की रोपवे व मंदिर एंट्री फीस व तिरूपति बालाजी जी की व्हीआईपी दर्शन टिकिट फीस आपकी स्वयं की होगी।

नियम एवं शर्तें : 1. यात्रा कैंसल करने पर यात्रा की 15 दिन पूर्व पूर्ण राशि का निरस्तीकरण प्रभार 20 प्रतिशत लगेगा। यात्रा दिनांक के 15 दिन पूर्व 50 प्रतिशत, 7 दिन पूर्व 75 प्रतिशत पूर्ण राशि में कटौती की जाएगी व यात्रा दिनांक के 2 दिन पूर्व राशि वापसी नहीं हो पाएगी। 2. 20 प्रतिशत यात्रा के पूर्व राशि का रजिस्ट्रेशन राशि किसी परिस्थिति में भी वापसी योग्य नहीं है। 3. 5 वर्ष से 8 वर्ष के बड़ों की हॉफ राशि लगेगी व 8 वर्ष से ऊपर के यात्रियों की पूरी राशि लगेगी, हॉफ राशि वालों को सीट आबंटित नहीं की जाएगी। 4. 20 प्रतिशत रूपए देकर अपना रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात शेष राशि यात्रा दिनांक के 1 महीने पूर्व जमा करना अनिवार्य है अन्यथा आपकी यात्रा कैंसल हो जावेगी। 5. समिति स्पेशल ट्रेन/ कोच के लिए रेलवे में आवेदन करेगी, परंतु किसी कारावश स्पेशल ट्रेन/ कोच रेल्वे से उपलब्ध नहीं हो पाती है तो उस स्थिति अनुसार आपको रिजर्वेशन कोच से यात्रा करनी रहेगी। सहमती पर ही बुकिंग करवायें। 6. एसी वाले भक्त जनों का स्पेशल ट्रेन व कोच में रामेश्वरम् यात्रा दिसंबर के अलावा सभी यात्रा में एसी यात्री कम होने के कारण रिजर्वेशन कोच में ही यात्रा करनी रहती है कृपया अपनी सहमति पर ही बुकिंग करवाएं। 7. कुल राशि पर 5 प्रतिशत जीएसटी अलग से लगेगा। 8. रिफंड करने की प्रक्रिया में 1 महीने का समय लगता है।

**नोट : कृपया www.tripuryatra.com से टूर प्रोग्राम (आईटनरी), नियम व शर्तें को पढ़ने के पश्चात ही अपनी सहमति पर बुकिंग करें।**

Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti

Since-2007

shree tripur tirth yatra

# श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संरक्षक श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति - श्री राजकिशोर प्रसाद - संरक्षक, महापौर- कोरबा, श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल-संरक्षक एवं विधि सलाहकार, श्री राहुल यादव - चेयरपर्सन- श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, एम. डी. राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., डॉ. साहिल यादव - डायरेक्टर राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., श्रीमती रीना राय - कोषाध्यक्ष, श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, श्री जयराज मिश्रा (रिलायबल सर्विस), श्री संतोष राठौर (पूर्व सभापति एवं एमआईसी सदस्य न.पा. नि. कोरबा), श्री निरंजन यादव (महासचिव छ.ग. प्रगतिशील यादव महासंघ), श्री जितेंद्र बहादुर यादव ( छत्तीसगढ़ अध्यक्ष प्रगतिशील यादव महासंघ)(एस.एस. इण्डस्ट्रीज), श्री रजनीश भास्कर (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट), श्री तेजप्रताप सिंह (भिलाई) श्री कमल यादव (डायरेक्टर प्रतिभा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग नया रायपुर ), गणेश कुलदीप (अधिवक्ता)

**समिति की उपलब्धियां -**
- ❖ पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा सम्मानित समिति
- ❖ ZEE मध्य प्रदेश-छतीसगढ़, छत्तीसगढ़ शासन उपमुख्यमंत्री मा. श्री अरूण साव जी द्वारा सम्मानित समिति
- ❖ पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री डॉ. रमन सिंह जी के द्वारा सम्मानित समिति
- ❖ केन्द्र रेल मंत्री माननीय श्री अश्विन वैष्णव जी से सम्मानित समिति
- ❖ बंसल न्यूज चैनल द्वारा माननीय पूर्व राजस्व मंत्री श्री जयसिहं अग्रवाल जी द्वार सम्मानित समिति
- ❖ छत्तीसगढ़ राज्यपाल माननीया अनुसुइया उइके जी के द्वारा सम्मानित समिति
- ❖ महिला बाल विकास पूर्व मंत्री माननीया अनीला भेड़िया जी के द्वारा सम्मानित समिति
- ❖ जी न्यूज हिन्दुस्तान द्वारा आयोजित कार्यक्रम उड़ान में राष्ट्र स्तर पर मिला सम्मान
- ❖ मध्य भारत की सबसे विश्वसनीय सुप्रसिद्ध यात्रा करवाने वाली सेवा समिति
- ❖ आई.बी.सी. 24 द्वारा छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार की उपाधि से संबोधित
- ❖ न्यूज 18 छत्तीसगढ़ द्वारा बिजनेस एक्सिलेंट अवार्ड से सम्मानित
- ❖ नौ राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, महाराष्ट्र, बिहार, उड़ीसा, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब में सेवा देने वाली एकमात्र सेवा समिति
- ❖ सबसे कम राशि पर तीर्थ यात्रा कराने वाली एक मात्र सेवा समिति

**OFFICE ADDRESS**
RAIPUR : D-36 Sector- 4, Kamal Vihar, Near Shree Venkatesh Hospital, KORBA : Shop No - 301, 302, 303 SS Plaza Power House Road , DELHI : Flate No.-217, Ground Floor, Dg-3 (Paryavaran Apartments), Vikaspuri, HARIDWAR : Nagaldham Ke Samne Bhupatwala Haridwar, HARYANA: Panghal Travels 65 Improvement Trust Market Bhiwani Haryana Near Hansi gate Bhiwani

**संपर्क करें :- 9165-411411 - 7247-411411 Online Booking : www.tripuryatra.com**